सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 305 | इंदौर, शनिवार 18 मई, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. किर्गिस्तान में हिंसा: तीन पाकिस्तानी छात्रों की हत्या; MEA ने भारतीयों को दी घर से बाहर न निकलने की सलाह
2. Swati Maliwal Case: आतिशी का बड़ा दावा, 'पिछले कुछ माह से स्वाति मालीवाल भाजपा नेताओं के संपर्क में हैं'
3. हाय गर्मी: भीषण लू की चपेट में पंजाब, सीजन में पहली बार पारा 46 डिग्री के पार, 11 साल का रिकॉर्ड भी
4. IPL 2024 : हार्दिक पांड्या पर धीमी ओवर गति को लेकर लगा भारी जुर्माना, अगले सीजन नहीं खेल सकेंगे पहला मैच
5. पटियाला में सड़क हादसा: पेड़ से टकराई कार, राजीव गांधी नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के चार छात्रों की मौत, दो घायल
6. Lok Sabha Election 2024: मल्लिकार्जुन खरगे बोले- ममता गठबंधन के साथ, अधीर रंजन निर्णय लेने वाले नहीं
7. Democracies: अमेरिका ने भारतीय मतदाताओं की सराहना की, कहा- दुनिया में इससे ज्यादा जीवंत लोकतंत्र नहीं

# बीईओ ऑफिस में 1.32 करोड़ की गड़बड़ी

## लिपिक ने पत्नी-बहन के अकाउंट में डाली गबन की राशि

मृत्युंजय @ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा में जुन्नारदेव शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में 1 करोड़ 32 लाख रुपए का गबन हुआ है। फाइनेंस डिपार्टमेंट (जबलपुर) टीम ने यह गड़बड़ी पकड़ी है। टीम 10 दिन से इसकी जांच में जुटी हुई थी। टीम ने बैंक, ट्रेजरी, सॉफ्टवेयर के रिकॉर्ड देखे, तब जाकर मामला खुला। मृत और रिटायर कर्मचारियों का जीआईएस (समूह बीमा योजना), पेंशन मामलों की राशि तृतीय श्रेणी लिपिक तौसीफ खान ने पत्नी, बहन, रिश्तेदारों और खुद के बैंक खातों में डाल दी। 2018 से अब तक गबन होता रहा। आरोपी ने कोरोना में मृत कर्मचारी तक का पैसा नहीं छोड़ा।

### कोरोना में मृत सहकर्मी का पैसा डकारा

जुन्नारेदव के तत्कालीन ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर (बीईओ) एमआई खान के कार्यकाल में यह गड़बड़ी हुई है। खान वर्तमान में अमरवाड़ा के बटकाखापा में व्याख्याता हैं। 2020 में इनको तत्कालीन कलेक्टर सौरभ सुमन ने अतिथि शिक्षक की नियुक्ति में अनियमितता पर बीईओ के पद से हटा दिया था।

### तत्कालीन बीईओ की लॉगिन आईडी इस्तेमाल हुई, एफआईआर तय

लिपिक ने अपनी करतूतों में खान की लॉगिन आईडी इस्तेमाल की है। लिपिक के साथ टीम उन्हें भी आरोपी मानकर चल रही है। दोनों पर एफआईआर होना तय है। फाइनेंस डिपार्टमेंट के अपर संचालक रोहित सिंह कौशल ने बताया, 'हमें गड़बड़ी की शिकायत मिली थी। 21 बैंक खातों की जांच की, 12 में वित्तीय गड़बड़ी मिली। फाइनल रिपोर्ट तैयार की जा रही है। इसे जबलपुर संभाग कमिश्नर और वित्तीय विभाग भोपाल मुख्यालय भेजा जाएगा। लिपिक तौसीफ खान ने 31 लाख 30 हजार रु. जमा कराए।

### कोरोना में मृत सहकर्मी को भी नहीं बख्शा

बीईओ कार्यालय में पदस्थ पुरुषोत्तम विश्वकर्मा की कोविड में मौत हो गई थी। उनके नाम से शोएब खान के बैंक खाते में 1 लाख 82 हजार और इमरान खान के खाते




में 1 लाख 37 हजार रुपए ट्रांसफर किए गए।

### ट्रेजरी डिपार्टमेंट जांच कर दे चुका था क्लीन चिट

छिंदवाड़ा जिले में अब तक चार विकासखंडों में वित्तीय अनियमितता के मामले सामने आ चुके हैं। छिंदवाड़ा, मोहखेड़ और तामिया तीन विकासखंड में संबंधित बीईओ और भ्रष्ट बाबुओं के खिलाफ एफआईआर हो चुकी है। अब जुन्नारदेव में भी ऐसी ही अनियमितता सामने आई है। ऐसे में जिला कोषालय विभाग की भूमिका सवाल खड़े हो रहे हैं। दरअसल, वित्तीय लेनदेन और बिलों का भुगतान जिला कोषालय (ट्रेजरी डिपार्टमेंट) के जरिए ही होता है। जुन्नारदेव में कोषालय विभाग की टीम पहले ही वित्तीय लेनदेन की जांच कर क्लीन चिट दे चुकी थी, लेकिन जबलपुर वित्तीय विभाग ने जब यहां रिकार्ड खंगाले, तो गबन सामने आ गया।

# 15 जिलों में लू चलेगी

**भोपाल**। मध्यप्रदेश के ग्वालियर, चंबल और निमाड़ में 21 मई तक भीषण गर्मी का अलर्ट है। यहां के 15 जिलों में हीट वेव यानी, गर्म हवाएं चलेंगी। वहीं, पूर्वी हिस्से यानी, जबलपुर, नरसिंहपुर समेत 16 जिलों में शनिवार को आंधी-बारिश हो सकती है। इससे पहले शुक्रवार को ग्वालियर, गुना में रिकॉर्ड गर्मी रही। सीजन में पहली बार पारा 44 डिग्री के पार पहुंच गया। IMD भोपाल की सीनियर वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि नॉर्थ-ईस्ट राजस्थान के ऊपर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम है। वहां से एक ट्रफ लाइन भी गुजर रही है। मध्यप्रदेश में जो वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) ट्रफ लाइन के साथ एक्टिव है। एक और वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर होगा। इसके चलते कहीं तेज गर्मी है तो कहीं बारिश-आंधी है। खासकर दक्षिणी और पूर्वी हिस्सों में बारिश-आंधी हो रही है। उत्तरी और पश्चिमी हिस्सों में टेम्प्रेचर बढ़ रहा है। शुक्रवार को भी यहां तेज गर्मी का असर देखा गया। इसके चलते अगले 4 दिन के लिए अलर्ट जारी किया गया है।

### ग्वालियर में रिकॉर्ड 44.9 डिग्री पहुंचा पारा, गुना में भी 44 पार

इससे पहले शुक्रवार को ग्वालियर में पारा रिकॉर्ड 44.9 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। पिछले साल पूरे सीजन से भी यह तापमान ज्यादा रहा। पिछले साल 22-23 मई को पारा 44.8 डिग्री रहा था। गुना में भी तापमान 44.5 डिग्री सेल्सियस रहा। रतलाम, शिवपुरी और नौगांव में तापमान 43 डिग्री या इससे अधिक रहा।

बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में पारा 40.2 डिग्री, इंदौर में 39.9 डिग्री, जबलपुर में 35.4 डिग्री और उज्जैन में पारा 42.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। धार-इंदौर में शुक्रवार को हल्की बारिश हुई।

# स्ट्रांग रूम के बाहर न भाजपाई न कांग्रेसी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लोकसभा चुनाव के लिए मतदान के बाद ईवीएम को नेहरू स्टेडियम में बने स्ट्रांग रूम में रख दिया गया। कुछ माह पूर्व विधानसभा चुनाव में भरी ठंड में स्ट्रांग रूम के बाहर कांग्रेसियों और भाजपाइयों ने रात-रात भर चौकीदारी की थी, लेकिन अब यहां पर न तो कांग्रेसी नजर आ रहे हैं और न ही भाजपाई।**

लोकसभा चुनाव 13 मई को सम्पन्न हो चुके हैं और इस दिन देर रात्रि तक ईवीएम मशीन अलग-अलग बूथों से आती रही और देर रात स्ट्रांग रूम को बंद किया गया था। कांग्रेस हमेशा यह मशीन को लेकर आरोप लगाती रहती है और शंका के दायरे में स्ट्रांग रूम के बाहर कार्यकर्ता व नेता रात में सो कर चौकीदार भी करते हैं। विधानसभा चुनाव नवम्बर में हुए थे और भर ठंड का मौसम था, फिर भी कांग्रेसियों ने हर विधानसभा अनुसार स्ट्रांग रूम के बाहर चौकीदारी का काम किया था और अपने उम्मीदवार के हित में गिद्ध निगाहे स्ट्रांग रूम की ओर गढ़ाए रखी थी।

इस बार लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का कोई उम्मीदवार नहीं है, जिस कांग्रेस उम्मीदवार डॉ. अक्षय कांति बम को कांग्रेस ने उम्मीदवार बनाया था उन्होंने नामांकन वापस ले लिया था और इस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस विहीन लोकसभा चुनाव। कांग्रेसियों ने बाद में जमकर नोटा का प्रचार किया था।

### भाजपाई हैं आश्वस्त

बावजूद इसके अभी नोटा के लिए स्ट्रांग रूम की चौकीदारी करने नेहरू स्टेडियम में कोई कांग्रेसी नहीं पहुंचा, जबकि परिणाम 4 जून को आना है। इधर भाजपा परिणाम को लेकर आश्वस्त है, प्रदेश में भाजपा की सरकार है। भाजपाइयों के आश्वस्त होने के कारण भाजपा को निगरानी की आवश्यकता भी नहीं है। चुनाव मैदान में इस बार कांग्रेस उम्मीदवार नहीं होने से कांग्रेसियों को ईवीएम मशीन पर भी कोई शक नहीं हो रहा है।

## बिजली अधिकारी वर्षाकाल के मद्देनजर तैयारियां इसी माह अंत तक पूर्ण करे

### अस्पताल, पेयजल स्त्रोत की बिजली आपूर्ति पर विशेष ध्यान दे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने शुक्रवार को सभी 15 सर्कल के अधिकारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंस से मिटिंग ली। श्री तोमर ने कहा कि जून से वर्षाकाल प्रारंभ हो रहा है। वर्षाकाल के पूर्व की इंदौर सहित सभी जिलों के अधीक्षण यंत्री मई अंत तक प्रभावी तैयारी करे, ताकि बारिश के दौरान विद्युत व्यवधान कम से कम हो। प्रबंध निदेशक श्री तोमर ने कहा कि वर्तमान में भीषण गर्मी की स्थिति है, ग्रिडों के रखरखाव पर ध्यान दिया जाए। श्री तोमर ने अस्पतालों एवं पेयजल स्त्रोतों की बिजली आपूर्ति पर विशेष रूप से फोकस रखने के निर्देश दिए। श्री तोमर ने आरडीएसएस के जनवरी से जारी कार्यों की प्रगति की समीक्षा भी की। प्रबंध निदेशक श्री तोमर ने राजस्व संग्रहण समयानुसार करने, लाइन लॉस में कमी के लिए गंभीरता से प्रयास करने, शिकायत निवारण समय पर करने आदि विषयों को लेकर निर्देशित किया। इस दौरान मुख्य महाप्रबंधक रिंकेश कुमार वैश्य, निदेशक पुनीत दुबे, सचिन तालेवार, मुख्य अभियंता इंदौर एसआर बमनके, अधीक्षण यंत्री इंदौर शहर मनोज शर्मा, अधीक्षण यंत्री इंदौर ग्रामीण सुधीर आचार्य आदि ने विचार रखे।

## मीडिया अधिकार परिषद के जिला प्रमुख बने नीमा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** पत्रकारों के हित में कार्य करने वाली राष्ट्रीय संस्था 'मीडिया अधिकार परिषद' के जिला प्रमुख के पद पर संस्था 'आदित्य' के संयोजक व प्रमुख हिन्दी अखबार 'आदित्य की आवाज' के विशेष संवाददाता सचिन नीमा को राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोर जी नागर ने नियुक्ति दी। इस अवसर पर संस्था के आगामी कार्यों पर विचार विमर्श किया गया। उनकी नियुक्ति पर सुरेश वर्मा,उमेश पांडे,शिवेंद्र रोहित,पवन लासुरकर, रूपेश वर्मा आदि ने शुभकामनाएं प्रेषित की ।

## स्वच्छता तथा जल प्रबंधन के मापदण्डों पर बेहतर कार्य

### 8 होटल और रिसोर्ट को दिया गया ग्रीन लीफ रेटिंग अवार्ड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर जिले में पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय एवं पर्यटन मंत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में आतिथ्य सुविधा जैसे रिसोर्ट, होम स्टे, धर्मशाला इत्यादि में सुविधाओं के लिए स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग सिस्टम शुरू किया गया है। इसके तहत स्वच्छता तथा जल प्रबंधन के मापदण्डों पर बेहतर कार्य करने वाली जिले की 8 होटल और रिसोर्ट को ग्रीन लीफ रेंटिंग अवार्ड दिया गया। यह अवार्ड कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने वितरित किये। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन और अपर कलेक्टर राजेन्द्र रघुवंशी भी मौजूद थे। बताया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में निर्मित/कार्यरत समस्त शासकीय/अशासकीय रिसोर्ट, होटल, होम स्टे, धर्मशाला आदि आवास सुविधा उपलब्ध कराने वाली इकाईयों, संस्थाओं द्वारा स्वच्छता के मापदण्डों का ध्यान रखा जाना आवश्यक है। इस हेतु आतिथ्य सुविधा जैसे रिसोर्ट, होम स्टे, होटल, धर्मशाला इत्यादि संस्थाओं की मैपिंग जिले द्वारा की जा रही है। जिससे स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा उक्त संस्थाओं का विस्तृत स्वच्छता आधारित सर्वे किया गया। सर्वे एवं सत्यापन पश्चात इन इकाइयों को स्वच्छता रेंटिग प्रदान की गई। ग्रीन लीफ रेटिंग प्रणाली के निष्पादन के लिये जिला स्तरीय समिति तथा सत्यापन उप समिति का गठन किया गया। जिसके अध्यक्ष अनुविभागीय अधिकारी है। जिले में ग्रामीण क्षेत्रो में 46 इकाइयों को चिन्हित किया गया। इनमें से उक्त 8 होटल एवं रिसोर्ट को ग्रीन लीफ रेंटिंग अवार्ड के लिए नामांकित किया गया।

## 182 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित

### अवैध उत्खनन पर सख्ती से रोक लगाँए : संभागायुक्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** संभागायुक्त दीपक सिंह ने आज कमिश्नर कार्यालय में खनिज विभाग के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में क्षेत्रीय खनिज कार्यालय इंदौर सहित विभिन्न जिलों के खनिज अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने अवैध उत्खनन पर सख़्ती से रोक लगाने के निर्देश खनिज विभाग के अधिकारियों को दिए। बैठक में संभागायुक्त द्वारा विभिन्न जिलों में स्वीकृत खदानों की जानकारी ली। बैठक में बताया गया कि इंदौर संभाग में गत वित्तीय वर्ष में 182 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया गया है। इसमें धार जिले द्वारा 91.82 करोड़ रुपये और इंदौर जिले का 23.84 करोड़ रुपये का राजस्व शामिल हैं। अवैध खनन एवं परिवहन के संबंध में धार जिले में 232 केस रजिस्टर्ड हुए हैं और इंदौर जिले में 163 केस रजिस्टर्ड किए गए हैं। संभाग में कुल 1196 केस रजिस्टर्ड हुए हैं और कुल 12 करोड़ 62 लाख रुपये की पैनल्टी वसूली गई है। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने प्रत्येक जिले में खनिज विभाग के टास्क फोर्स की हर महीने बैठक करने के भी निर्देश दिए। इन्दौर जिले के दोनों सहायक खनिज अधिकारियों को बैठक में अनुपस्थित रहने पर संभागायुक्त ने कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए।

## कलेक्टर ने मतदान में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 82 बीएलओ को किया सम्मानित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर जिले में 13 मई को सम्पन्न हुये लोकसभा निर्वाचन के मतदान में श्रेष्ठतम कार्य करने वाले जिले के 82 बूथ लेवल अधिकारियों(बीएलओ) एवं 11 वॉलेन्टियर को आज कलेक्टर कार्यालय में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने सम्मानित किया। सम्मान स्वरूप बूथ लेवल अधिकारियों(बीएलओ) एवं वॉलेन्टियर को नगद राशि एवं प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बूथ लेवल अधिकारियों(बीएलओ) को पाँच-पाँच हजार रुपये एवं वॉलेन्टियर को ग्यारह-ग्यारह हजार रुपये दिये गये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर आशीष सिंह ने सभी बीएलओ और वॉलेन्टियर को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इनकी विशेष मेहनत और प्रयासों के फलस्वरूप जिले में बेहतर मतदान हुआ है। सभी ने रूचि लेकर स्वप्रेरणा के साथ मतदाता जागरूकता के लिए उत्कृष्ट कार्य किये है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी वे इसी तरह पूरी लगन और कर्मठता के साथ अपने विभागीय कार्यों को भी करे। गौरतलब है कि मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के अंतर्गत शहरी क्षेत्र में ऐसे मतदान केन्द्र जहां 75 प्रतिशत से अधिक और ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे मतदान केन्द्र जहां 80 प्रतिशत से अधिक वोटिंग हुई हो, वहां के बूथ लेवल अधिकारियों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया था। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 80 प्रतिशत से अधिक मतदान वाले 51 मतदान केन्द्रों के बीएलओ को और शहरी क्षेत्र के 75 प्रतिशत से अधिक मतदान वाले 31 मतदान केन्द्रों के बीएलओ को सम्मानित किया गया।

## रोज किया जाएगा असंख्य पार्थिव शिवलिंग का रुद्राभिषेक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** ब्रिटिश पार्क परिवार द्वारा पांच दिवसीय शिवार्चन का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार से शुरू हुए इस आयोजन में भक्तों द्वारा असंख्य पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही असंख्य महामृत्युंजय मंत्र का जाप भी होगा। पंडित रविशंकर शास्त्री ने बताया कि सभी पार्थिव शिवलिंग का प्रत्येक दिन रुद्राभिषेक भी होगा। बड़ी संख्या में भक्तजन इस आयोजन का हिस्सा बनकर पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर रहे हैं, जिनका सांध्यकाल में विधिवत रुद्राभिषेक किया जाएगा। आयोजक- ब्रिटिश पार्क परिवार के सदस्यों ने बताया कि आयोजन की शुरूआत भव्य शोभायात्रा के साथ हुई, जिसमें 250 से अधिक रहवासियों और उनके परिजनों ने हिस्सा लिया। संपूर्ण पूजन को विधिवत पूर्ण करवाने के लिए पंडित कुलदीप शास्त्री,पंडित दीपक शास्त्री और पंडित शंभूदयाल पुरोहित भी विशेष रूप से कार्यक्रम में सम्मिलित हो रहे हैं। 22 मई को पूर्णाहुति एवं प्रसादी वितरण के साथ इसका समापन होगा।

## इंदौर एयरपोर्ट डायरेक्टर रविंद्रन का दिल्ली ट्रांसफर

**इंदौर।** देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय विमानतल के डायरेक्टर सीवी रवींद्रन का तबादला दिल्ली हेडक्वार्टर कर दिया गया है। उन्हें 1 जून के बाद अपना नया पदभार ग्रहण करने के आदेश दिए गए हैं। उनके स्थान पर इंदौर एयरपोर्ट का नया डायरेक्टर कौन होगा इसका ऐलान नहीं किया गया है। एयरपोर्ट अथोरिटी ऑफ इंडिया द्वारा मई 2022 में रवींद्रन को बतौर एयरपोर्ट डायरेक्टर इंदौर भेजा गया था। अथोरिटी द्वारा हाल ही में जारी आदेश में सीवी रवींद्रन को ज्वाइंट जीएम से पदोन्नत करते हुए जीएम बनाया गया है और उन्हें दिल्ली मुख्यालय भेजा गया है। अधिकारियों ने बताया कि उनके स्थान पर नए एयरपोर्ट डायरेक्टर का नाम अभी तय नहीं हुआ है। इसके लिए संभवतः 22 मई को दिल्ली में इंटरव्यू आयोजित किए गए हैं, जिसके बाद नाम तय होगा।

## अधिकारी-कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध हटा

**इंदौर।** जिले में लोकसभा निर्वाचन के तहत स्ट्रॉन्ग रूम निगरानी, मतगणना एवं अन्य निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारी/कर्मचारियों को छोड़कर अन्य कर्मचारियों के छुट्टी पर लगाया गया प्रतिबंध हटाया गया है। संबंधित कर्मचारियों के अवकाश संबंधी आवेदनों के निराकरण/स्वीकृति की प्रक्रिया पूर्व के भाँति रहेगी। संबंधित कार्यालय प्रमुख/प्राधिकृत अधिकारी छुट्?टी के आवेदनों का नियमानुसार निराकरण/स्वीकृति की प्रक्रिया कर सकेंगे।

## मतदान में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 82 बीएलओ और 11 वॉलेन्टियर सम्मानित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर ।** इंदौर जिले में गत 13 मई को सम्पन्न हुये लोकसभा निर्वाचन के मतदान में श्रेष्ठतम कार्य करने वाले जिले के 82 बूथ लेवल अधिकारियों(बीएलओ) एवं 11 वॉलेन्टियर को आज कलेक्टर कार्यालय में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने सम्मानित किया। इस अवसर पर स्वीप अभियान के प्रभारी और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन तथा अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेन्द्र रघुवंशी भी विशेष रूप से मौजूद थे। यह सम्मान उन्हें कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह की पहल के तहत दिया गया। सम्मान स्वरूप बूथ लेवल अधिकारियों(बीएलओ) एवं वॉलेन्टियर को नगद राशि एवं प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बूथ लेवल अधिकारियों(बीएलओ) को पाँच-पाँच हजार रुपये एवं वॉलेन्टियर को ग्यारह-ग्यारह हजार रुपये दिये गये।

# फ्लैट दिलाने के नाम पर 60 लाख की धोखाधड़ी

## रतलाम जिला मलेरिया अधिकारी, उनके दोस्तों के साथ फ्रॉड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में फ्लैट दिलाने के नाम पर रतलाम के जिला मलेरिया अधिकारी समेत उनके कुछ डॉक्टर दोस्तों के साथ 60 लाख रुपए की धोखाधड़ी हो गई। ना तो फ्लैट मिला और किस्तों में फ्लैट के लिए जो रुपए दिए वह भी नहीं मिले। धोखाधड़ी करने वाले ने रतलाम के जिला अस्पताल के तत्कालीन सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे के निवास पर रतलाम के डॉक्टरों से मुलाकात की थी। यहां तक खुद को तत्कालीन सीएमएचओ को अपना रिश्तेदार बताया।**

जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रमोद प्रजापति (37) पिता रामखीलावन प्रजापति निवासी डीआरपी लाईन ऑफिसर कालोनी रतलाम व डॉ. गौरव बोरिवाल, सुनील पांचाल, डॉ. सीपी जोशी, धर्मेंद्र चौहान, विवेक जैन, तरुण कसेरा, विनय पासवान आदि लोगों ने रतलाम थाना स्टेशन रोड पर शिकायत की। शिकायत की जांच के बाद डॉ. प्रमोद प्रजापति की रिपोर्ट पर धोखाधड़ी करने के मामले में अविनाश राव निवासी रतलाम जावरा फाटक एवं अस्थाई निवासी अखंड नगर 60 फीट रोड इंदौर के खिलाफ रतलाम स्टेशन रोड पुलिस थाना ने धारा 420, 406 भादवि में केस दर्ज किया।

**नगर निगम इंदौर का दिया फर्जी पत्र-** डॉ. गौरव बोरीवाल और सुनील पांचाल के वाट्सएप पर अविनाश राव द्वारा एक पत्र भेजा। जो कार्यालय आयुक्त नगर निगम इंदौर का था। जिसमें 24 अप्रैल 2024 को नगर निगम इंदौर में आवास के दस्तावेज संबंधी प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए पहचान पत्र के साथ उपस्थित होना था। पत्र को लेकर 24 अप्रैल 2024 को नगर निगम इंदौर में सुनील पांचाल गए। कार्यालय में पत्र को दिखाया। पत्र को आवक जावक से मिलान किया तो पत्र फर्जी बताया। सुनील जोशी ने इस बात की जानकारी डॉ. प्रजापति व सारे दोस्तों को फोन से दी। बाद में पता चला कि अविनाश राव ने डॉ. प्रजापति व उनके सभी दोस्तों को दिए गए कागज, दस्तावेज जो उसने मोबाइल पर भेजे थे, वह सारे दस्तावेज नकली और फर्जी पाए गए। जिनका नगरीय प्रशासन से कोई लेना-देना नहीं था। इसके बाद से अविनाश राव से लगातार संपर्क संपर्क किया। लेकिन वह आज दिनांक तक नहीं मिला।

# सेक्स रैकेट पकड़ाया : पुलिस ने ढाबे पर दी दबिश

## तीन युवतियां और दो व्यक्ति गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पीथमपुर के सेक्टर एक थाना पुलिस ने सेक्स रैकेट को पकड़ा है। पुलिस ने शुक्रवार को मुंबई-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित युवराज ढाबे में दबिश दी। यहां से तीन महिला और दो पुरुषों को गिरफ्तार किया गया है।**

थाना प्रभारी संतोष कुमार दूधी ने बताया कि देह व्यापार की सूचनाएं लगातार मिल रही थी। पुलिस ने इस अवैध कारोबार को पकडऩे के लिए मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया था। आज देर शाम पुलिस को सूचना मिली कि मुंबई-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित एक ढाबे पर सेक्स रैकेट का संचालन किया जा रहा है। जहां दो से ज्यादा महिलाएं इस धंधे में लिप्त है। सूचना के बाद पुलिस सिविल ड्रेस में ढाबे के आसपास पहुंची। ग्राहक बन कर पूरे रैकेट का भांडा फोड़ किया। रैकेट में तीन महिलाएं और दो पुरुषों की पुलिस ने गिरफ्तारी की है। एक व्यक्ति इस रैकेट का सरगना बताया जा रहा है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर सभी का मेडिकल कराया जा रहा है। सभी को शनिवार सुबह न्यायलय में पेश किया जाएगा।

# हंस ट्रेवल्स पर पार्सल को लेकर मारपीट

## हाईकोर्ट से इंटर्नशिप कर रहे स्टूडेंट और दोस्त को पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। तुकोगंज स्थित हंस ट्रेवल्स के ऑफिस पर हाईकोर्ट में इंटर्नशिप कर रहे स्टूडेंट और उसके दोस्त के साथ मारपीट की गई। दोनों दोस्तों को पार्सल की बात पर कर्मचारियों ने बुरी तरह से पिटाई कर दी। आरोपियों ने पार्सल की रसीद फाडऩे के बाद पार्सल भी फेंक दिया।**

मामले में स्टूडेंट ने थाने आकर हंस ट्रेवल्स के कर्मचारियों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। तुकोगंज पुलिस के मुताबिक आकाश पुत्र प्रकाश दांगे निवासी शिवाजी नगर की शिकायत पर ढक्कन वाला कुआं स्थित हंस ट्रेवल्स के निखिल बघेल और एक अन्य साथी पर केस दर्ज किया गया है। आकाश दांगे ने बताया कि वह हाईकोर्ट से इंटर्नशिप कर रहा है। अपने दोस्त जैनिथ छबलानी को लेकर उसके भाई का पार्सल लेने शुक्रवार को वह हंस ट्रेवल्स के ऑफिस पहुंचा था। यहां निखिल बघेल मिला। उसे रसीद दिखाकर पार्सल मांगा। उसने कहा पार्सल बहुत दिनों से रखा हुआ है। इसके बदले में 5 सौ रूपए जुर्माना देना होगा। जब आकाश ने कहा कि इस तरह चेतावनी या बात कहीं लिखी नहीं है और ना ही रसीद पर इस बात का जिक्र है, तो वह रूपए किस बात के दे। इस पर निखिल ने विवाद किया। मौके पर निखिल का एक साथी भी आया उसने आकाश के साथ मारपीट करना शुरू कर दी। बचाव करने आए दोस्त जैनिथ को भी पीटा। हाथ से रसीद लेकर फाड़ दी और पार्सल भी फेंक दिया। बाद में उन्होंने धमकाकर दोनों को वहां से भगा दिया। आकाश ने यह बात अपने सीनियर को बताई। वह मामले में तुकोगंज थाने पहुंचे। यहां हंस ट्रेवल्स के निखिल और अन्य पर केस दर्ज करा दिया।

# वकीलों का विरोध प्रदर्शन

## ❑ ग्रीष्मकालीन अवकाश का विरोध, बांह पर पट्टी बांध पहुंचे कोर्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर के न्यायिक इतिहास में पहली बार ग्रीष्मकालीन अवकाश 1 से 30 जून तक घोषित किए जाने के खिलाफ वकील मुखर हो गए। शुक्रवार को जिला एवं सत्र न्यायालय में 550 से ज्यादा वकीलों ने काली व लाल पट्टी बांधकर इस फैसले का विरोध दर्ज कराया। जिन वकीलों ने काला कोट पहना था, उनकी बांह पर लाल पट्टी बांधी गई थी।

जो वकील सफेद शर्ट पहनकर आए थे, उनकी बांह पर काली पट्टी बांधी गई थी। बार अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष श्रीराम भदौरिया के मुताबिक अब 24 मई को काला दिवस मनाया जाएगा। सदस्य वरुण रावल के मुताबिक सदस्यों को मई में अवकाश की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। 15 जून के बाद तेज बारिश का दौर शुरू हो जाता है और ऐसे में उस समय वेकेशन की जरूरत महसूस नहीं होती। इस व्यवस्था को बदला जाना चाहिए।

## करोड़ों की जमीन धोखाधड़ी का फरार आरोपी बंदी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इन्दौर। क्राइम ब्रांच की टीम ने करोड़ों रुपए की जमीन के फर्जी दस्तावेज बनाकर बेचने वाले फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी फिरोज पिता जलील शेख,श्रीपद नगर खजराना ने ग्राम करनावद जिला देवास में फरियादी की करोड़ो रुपए की भूमि के दस्तावाजे में हेराफेरी कर नए दस्तावेज तैयार कर उक्त भूमि को बेच दिया था। आरोपी को देवास जिला पुलिस को सौंप दिया गया है।

# अंतिम संस्कार के बाद विवाद में चले चाकू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मल्हारगंज में निजी कंपनी में काम करने वाले एक युवक को दूसरे युवक ने चाकू मार दिए। इतना ही नहीं साथी के साथ भी मारपीट की। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों पर चाकूबाजी और मारपीट की धाराओं में केस दर्ज किया है। मल्हारगंज पुलिस ने बताया कि घटना पंचकुईया मुक्ति धाम के पास की है। एरोड्रम में सुनिल कुशवाह की हत्या हुई थी। उसकी अंतिम यात्रा में शामिल होने कपिल चौहान निवासी एमआईजी आया हुआ था। उसके साथ दोस्त रवि परमार और अन्य लोग थे।**

इसी अंतिम यात्रा में भैय्यू उर्फ शिकार ओर मोनू निवासी भागीरथ पुरा भी आए हुए थे। मुखाग्नि के बाद बाहर रवि परमार ओर कपिल पानी पी रहे थे। तभी वहां पर भैय्यू ने पानी की बोतल मांगी। रवि ने इनकार किया तो वह विवाद करने लगा। इस दौरान कपिल को भैय्यू ने हाथ और कमर में चाकू मार दिया। यहां रवि और कपिल के एक अन्य साथी ने बचाव किया तो भैय्यू का अन्य साथी मोनू भी आ गया। आरोपियों ने चाकू की नोंक पर सबके साथ मारपीट की। इसके बाद वहां लोग इक्ट्ठा हुए तो दोनों आरोपी मौके से भाग गए। कपिल को अस्पताल ले जाया गया। मेडिकल के बाद पुलिस ने आरोपियों पर कार्रवाई की है।

# कॉलेज छात्र का शव फंदे पर मिला

## हाथ बंधे थे और आंखों पर थी पट्टी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कालेज के छात्र ने सुसाइड कर लिया। छात्र भंवरकुआ इलाके में रहता था। बताया जाता है कि उसने महिलाओं जैसी साड़ी पहनी थी। वही मेकअप भी किया हुआ था। उसके हाथ बंधे हुए थे वही आंख पर पट्?टी पर बंधी हुई थी।**

भ्ंावरकुआ पुलिस के मुताबिक पुनित(31)पुत्र त्रिभुवन दुबे निवासी खंडवा नाका का शव फंदे पर लटके मिला। वह रायसेन से इंदौर में पढ़ाई करने आया था। वह रणजीत सिंह कालेज में पढ़ाई कर रहा था। यहां से वह बीएससी सेकंड कर रहा था। यहां वह इंद्रजीत सिंह भाटिया की मल्टी में किराये से रूम लेकर रहता था। पुलिस से मिली प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक रिश्तेदारो ने उसके शव को लेकर सूचना दी थी। पुनित ने महिलाओं जैसा अपना हुलिया बनाया हुआ था। मौके पर पहुंचे अफसरों ने बताया कि उसकी आंख पर पट्?टी बंधी थी। वही पीछे हाथ भी बंधे हुए थे। प्रारंभिक मामला संदिग्ध लग रहा है। जानकारी के मुताबिक कमरे में ब्लड भी फैला हुआ मिला है। वही परिवार के लोग इस मामले में हत्या की आशंका व्यक्त कर रहे है। पिता त्रिभुवन ने बताया कि शुक्रवार रात उसे कॉल किया था तो उसने फोन नही उठाया था। इसके बाद उनके परिचित से बात करने का कहां गया था। भंवरकुआ पुलिस के मुताबिक मामला जांच में लिया गया है।

**कोचिंग से आकर बात करता था,लेकिन बात नही हुई-** पिता ने बताया कि वह पेशे से किसान है। पुनीत उनका इकलौता बेटा है। वही बड़ी बेटी है। बेटा रात में एक बार घर के मेंबरो से बात जरूर करता है। लेकिन शुक्रवार को बात नही हुई। इसके बाद वह रात को लगातार कॉल कर रहे थे। फोन नही उठाने पर रिश्तेदारों को कॉल किया। वह कमरे पर पहुंचे तो उसने दरवाजा नही खोला। इसके बाद झांककर देखा तो उसका शव वहां पड़ा हुआ था। बाद में रिश्तेदारों ने परिवार को सूचना दी।

**आठ दिन पहले ही बदला था रूम-** परिवार के लोगों ने बताया कि आठ दिन पहले ही पुनीत ने इसी बिल्डींग में अपना रूम बदला था। पहले वह दो दोस्तो के साथ रहता था। परिवार ने उन दोनो दोस्तो से भी बात की। तो उन्होंने बताया कि इस तरह का हुलिया ने उसे भी आश्चर्य में डाल दिया है। वही पिता को भी इस बात पर यकीन नही होता। पिता के मुताबिक दो माह पहले ही पुनीत का जन्म दिन था। पत्नी विभूति जब इंदौर आई थी। काफी दिन उसके साथ रही। लेकिन कभी उसके वेशभूषा के बदलाव को नही देखा। वह लडक़ो जैसे ही कपड़े पहनता है। उन्हें पूरे घटनाक्रम पर शंका है।

## आगर पुलिस पर 3 लाख रिश्वत लेने का आरोप

# भाजपा विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ एसपी ऑफिस घेरा, दो हेड कॉन्स्टेबल निलंबित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**आगर- मालवा। आगर कोतवाली थाने में पदस्थ दो हेड कॉन्स्टेबल पर शिकायत दर्ज करने के एवज में 3 लाख रुपए रिश्वत लेने के आरोप लगे हैं। इसकी जानकारी जब भाजपा विधायक मधु गेहलोत को लगी तो उन्होंने समर्थकों के साथ गुरुवार रात एसपी कार्यालय का घेराव कर दिया। जिसके बाद एसपी विनोद कुमार सिंह ने हेड कॉन्स्टेबल नरेंद्र सिंह भाटी और हेड कॉन्स्टेबल राधेश्याम विश्वकर्मा को निलंबित कर मामले की जांच सीएसपी को सौंप दी।**

दरअसल, एक जमीन के सौदे में विक्रय पत्र संपादित होने के बाद पैसों के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में एक पक्ष ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद दूसरे पक्ष ने भी शिकायती आवेदन दे दिया। केस दर्ज करने के एवज में 28 अप्रैल को दोनों हेड कॉन्स्टेबल को 3 लाख रुपए रिश्वत दी गई। 1 मई को धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया गया। इस पूरे मामले की जानकारी विधायक मधु गेहलोत को 16 मई को लगी।

विधायक गेहलोत ने कहा, जिले की पुलिस भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है। इस तरह की रिश्वतखोरी करने से सरकार बदनाम होती है। जो रिश्वतखोरों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो सबको हिला कर रख दूंगा। चाहे 100 गाड़ी ले कर जाना पड़े, सीएम हाउस पर धरने पर बैठूंगा। विधानसभा में ऐसे भ्रष्ट लोग नहीं चाहिए। मैं भ्रष्ट हुआ तो काट दो मेरा टिकट, मैं इस्तीफा दे दूंगा।

### झूठी शिकायत के खिलाफ की थी कार्रवाई की मांग

आवेदनकर्ता डॉ. नरेन्द्र सिंह ठाकुर और गिरीराज बंसिया ने बताया, झलारा में एजाज एहमद से 1 करोड़ 75 लाख रुपए में जमीन का सौदा किया था। उसे 52 लाख रुपए नकद दिए थे। बाकी की राशि चेक से दी, लेकिन उसने बाहर जाने की बात कही और चेक वापस कर दिया। इसके बाद हमने बची हुई राशि उसके खाते में आरटीजीएस और दलाल के माध्यम से जमा कराई।

सौदे की पूरी राशि देने के बाद भी उसने झूठी शिकायत कर वकील के जरिए नोटिस भेजा और 75 लाख रुपए की मांग की। जिस पर हमने कोतवाली थाना में आवेदन दिया। यहां केस दर्ज करने के एवज में दोनों हेड कॉन्स्टेबल ने तीन लाख की मांग की। हमने राशि भी दे दी। इसके बाद भी केस दर्ज नहीं किया गया। दबाव बनाने पर तीन दिन बाद एजाज खान के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया। मामले में प्रधान आरक्षक राधेश्याम विश्वकर्मा ने सभी आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि किसी तरह की कोई रिश्वत नहीं ली है। वहीं, प्रधान आरक्षक नरेंद्र सिंह भाटी से संपर्क नहीं हो पाया है।

### जमीन बेचने वाले ने भी पुलिस पर लगाए झूठी कार्रवाई के आरोप

एजाज खान ने बताया, डॉ. नरेन्द्र सिंह ठाकुर और गिरीराज बंसिया को जमीन बेची थी, जिसकी राशि बकाया थी। 27 फरवरी को एसपी कार्यालय में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की थी। मार्च में हेड कॉन्स्टेबल राधेश्याम और नरेंद्र सिंह भाटी ने मुझे थाने पर बुलाया। यहां डॉ. नरेन्द्र सिंह ठाकुर और गिरीराज बंसिया भी थे। दोनों पक्ष की बात सुनी गई। इसके बाद मैं चला गया।

राधेश्याम ने मुझे वॉट्सऐप पर कई बार कॉल किए। 20 मिनट और 25 मिनट तक बात हुई। उसने कहा, हमारी डिमांड पूरी हो जाती है तो टीआई और हम आपके फेवर में काम करेंगे। मैंने कहा- मैं इलीगल नहीं हूं। मैंने जमीन बेची है, पीडीसी का पैसा नहीं मिला है। आप कह रहे हैं कि केसीसी का पैसा बाकी है। रजिस्ट्री में उल्लेख है कि मुझे बकाया कर जमा करना है।

मुझे 41 लाख 42 हजार रुपए पीडीसी चेक का नहीं मिला। इसलिए मैंने केसीसी जमा नहीं किया था। नहीं तो ये लोग नामांतरण करवा लेते, लेकिन 3 मई को केसीसी के 18 लाख रुपए जमा कर बंद करवा चुका था। इसके बावजूद केसीसी को लेकर मुझ पर केस दर्ज करवाया गया है। पुलिस ने विपक्षी पार्टी से पैसा लेकर मुझ पर झूठी कार्रवाई की है।

# किसान की 36 बार चाकू से गोदकर हत्या

### मर्डर के बाद शादी में दावत उड़ाई, दो आरोपी गिरफ्तार, बोले- डंडा मारा था



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** उज्जैन के माकड़ोन में किसान की हत्या के आरोप में शुक्रवार को पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। खेत में सोते समय आरोपियों ने किसान को 36 बार चाकू से गोदकर मार डाला था। मर्डर के बाद दोनों आरोपी शादी में चले गए और वहां दावत उड़ाते रहे। घटना बुधवार रात सुमराखेड़ी गांव की है। गुरुवार सुबह बुजुर्ग किसान का शव खेत में मिला था। आरोपियों से पूछताछ में पता चला है कि किसान ने खेत से सब्जी चुराने पर एक युवक को घटना से एक दिन पहले डंडा मार दिया था, दूसरे युवक से भी उनका पुराना विवाद चल रहा है। बुजुर्ग किसान का शव गुरुवार सुबह खेत में पड़ा मिला था। उनकी गर्दन और शरीर के ऊपरी हिस्से में 36 जगह चाकू से गोदे जाने के निशान थे।

### ऐसे आरोपियों तक पहुंची पुलिस

एडिशनल एसपी पल्लवी शुक्ला ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल पर एक्टिव मोबाइल की जानकारी निकाली। मौके पर सुमराखेड़ी गांव के ही सुरेश और दिनेश मोगिया के मोबाइल एक्टिव मिले। पुलिस ने दोनों को पकड़कर पूछताछ की। उन्होंने कहा कि वे तो शादी में थे। सख्ती करने पर दोनों टूट गए। बताया कि किसान रामलाल सिंह (60) से 3 साल से रंजिश है। आरोपी सुरेश का रामलाल से शराब पीने की बात पर विवाद होता रहता था। घटना के एक दिन पहले भी सुरेश से रामलाल ने गाली-गलौज की थी। दिनेश को खेत से सब्जी तोड़ने पर डंडा मारा था। आरोपियों ने बताया कि वे बदला लेना चाहते थे। घटना वाले दिन पास के ही गांव में शादी में गए थे। रात में शराब पी। गांव आकर किसान की हत्या की। किसी को शक न हो, इसलिए वापस शादी में चले गए।

### बेटा सुबह चाय लेकर पहुंचा तो देखा पिता का शव

माकड़ौन से करीब 8 किलोमीटर दूर सुमराखेड़ी गांव में किसान रामलाल का शव जमीन पर पड़ा मिला था। ग्राम कोटवार का काम करने वाले उनके बेटे अशोक सिंह के मुताबिक, बुधवार रात 8 बजे पिता खाना खाकर तालाब के पास हमारे खेत पर रोज की तरह सोने के लिए गए थे। दूसरे दिन गुरुवार सुबह 7 बजे वह पिता के लिए चाय लेकर खेत पहुंचे। देखा तो वे मृत पड़े थे। गर्दन समेत उनके शरीर के ऊपरी हिस्से में धारदार हथियार से वार के कई निशान थे।

# मां के अंतिम संस्कार के दूसरे दिन छत्री पहुंचे सिंधिया

### राजमाता माधवी की अस्थियों का संचय किया, निभाई रस्में; कलश नेपाल, प्रयागराज, उज्जैन भेजे जाएंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर। मां माधवी राजे के अंतिम संस्कार के दूसरे दिन शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया छत्री मैदान पहुंचे। यहां उन्होंने नम आंखों से रस्में निभाईं। राजमाता की अस्थियों का संचय किया। अगले 9 दिन के लिए अस्थि कलश को छत्री मैदान के माधव बाग में रखा गया है।**

अस्थियों को अलग-अलग कलशों में नेपाल, उज्जैन और प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) ले जाकर विसर्जित किया जाएगा। 15 मई सुबह 9.28 बजे दिल्ली एम्स में राजमाता ने अंतिम सांस ली थी। गुरुवार को छत्री मैदान में वे पंचतत्व में विलीन हो गईं।

अस्थि कलश संचय के दौरान सिंधिया के बेटे महानआर्यमन सिंधिया, परिवार के करीबी लोग, मंत्री तुलसीराम सिलावट, मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर मौजूद रहे। यहां और भी लोग पहुंचे थे, लेकिन उन्हें बाहर ही रोक दिया गया।

**घर में शुद्धिकरण के बाद मेहमानों का आना-जाना शुरू होगा-** राज परिवार के करीबी बाल खांडे ने बताया कि अस्थि संचय के बाद घर में शुद्धिकरण किया जाएगा और कुछ क्रियाएं होंगी। इसके बाद सिंधिया महल में वीवीआईपी मेहमानों के आने - जाने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। परिवार के लोग 9 दिन तक प्रतिदिन शाम 7 बजे तक आने वालों के लिए बैठेंगे। स्थानीय प्रशासन से कई कैबिनेट मिनिस्टर के ऑफिस से कार्यक्रम की डिटेल मांगी गई है।

**अव्यवस्थाओं पर नाराज हुए मंत्री सिलावट-** अस्थि संचय के लिए पहुंचे मंत्री तुलसीराम सिलावट को मौके पर व्यवस्थाओं में कुछ कमी दिखी। उन्होंने वहीं से जिम्मेदार अधिकारियों को फोन लगाया। सिलावट ने कहा कि अंतिम संस्कार के समय की गई व्यवस्थाएं ठीक नहीं थीं। लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। महिलाओं के लिए अलग से बैठने या लाइन की कोई व्यवस्था नहीं थी। लोग पानी न मिलने के कारण परेशान होते हुए नजर आए।

**दूध, दही, पानी से शांत की चिता; पंचगव्य से शुद्धि-** राजपुरोहित चंद्रकांत शिंदे ने बताया, आज तीसरा दिन है। तीसरे दिन फूल उठाए जाते हैं। सिंधिया ने दही, दूध, पानी मिलाकर चिता को शांत किया, इसके बाद पंचगव्य से शुद्धि की है। फूलों को थैली में रखा गया है। अस्थियां तीन कलशों में पेड़ पर रखी गई हैं।

**केंद्रीय मंत्री सिंधिया का ये रहेगा शेड्यूल-** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 18 मई, 19 मई, 23 मई, 24 मई, 25 मई, 26 मई को जय विलास पैलेस में रहेंगे। वे इन दिनों में सुबह 11 से दोपहर 1 बजे और दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक लोगों से मुलाकात करेंगे।

# रिश्वतखोर पटवारी को 4 साल की जेल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम के पिपरिया में 5 हजार रुपय की रिश्वत लेने वाले घूसखोर पटवारी जितेंद्र ठाकुर को 4 साल की सजा सुनाई गई। 6 साल पुराने रिश्वत के मामले में विशेष न्यायालय भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम नर्मदापुरम ने आरोपी जितेंद्र ठाकुर को दोषी करार देते हुए धारा-7 भ्रनिअधि में 04 साल एवं धारा-13(1)(बी) सहपठित धारा 13(2) भ्रनिअधि में 4 साल की सजा सुनाई गई। 2000/- रुपए का जुर्माना सुनाया। जमीन नामांतरण, बही बनाने और कंप्यूटर पर रिकॉर्ड अपडेशन का काम करने के लिए 6 सितंबर 2018 को 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए पटवारी जीतेंद्र सिंह ठाकुर को लोकायुक्त टीम ने रंगे हाथों पकड़ा था। खैरा के दो लोगों अशोक और मनोज पटेल ने 13 अगस्त को लोकायुक्त कार्यालय में पटवारी द्वारा परेशान करने की शिकायत की थी। इसके बाद से ही लोकायुक्त टीम सक्रिय रहीं। पटवारी जितेन्द्र ठाकुर फरियादी अशोक पटेल और उसके मित्र मनोज पटेल की जमीन के संबंध में काम के लिए पांच हजार रुपए की मांग की गई। जिसे फरियादी के द्वारा दिए गए डीव्हीआर में रिकार्ड किया गया था, जिसके आधार पर आरोपी जितेन्द्र ठाकुर के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की गई।

# दीवार गिरने से 2 बच्चियों की मौत

### मलबे में दबा मिला 10 साल का बच्चा; भंडारे में जा रहे थे सभी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भिंड।** भिंड जिले में दीवार गिरने से 5 और 6 साल की बच्चियों की मौत हो गई। 10 साल के बच्चे को गंभीर हालत में ग्वालियर रेफर किया गया है। घटना गुरुवार रात जिले के मौ थाना क्षेत्र के सिमरिया गांव की है।

सिमरिया गांव में भंडारा चल रहा था। शाम 7.30 बजे इमरान की बेटी अनीफिया (5), लालसिंह परिहार की बेटी निकिता (6) और रविंद्र मिर्धा का बेटा रोहित (10) भंडारे में जा रहे थे। रास्ते में इशाक खान के कच्चे घर की दीवार भरभराकर बच्चों पर गिर गई।

गांव के लोगों ने बच्चों को मलबे से बाहर निकाला, लेकिन दोनों बच्चियों की मौत हो चुकी थी। रोहित को स्थानीय अस्पताल में इलाज के बाद ग्वालियर रेफर कर दिया गया। सूचना मिलने पर मौ थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। रात में ही दोनों बच्चियों के शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजन के सुपुर्द कर दिए गए।

### आर्थिक सहायता के लिए रिपोर्ट तैयार

मौ की नायब तहसीलदार माला शर्मा ने बताया कि कच्ची दीवार गिरने से बच्चियों की मौत हुई है। घटनास्थल का निरीक्षण कराया गया है। आर्थिक सहायता के लिए रिपोर्ट आगे भेजी जा रही है।

## संपादकीय

# व्यापक रणनीति की जरूरत

पिछले कुछ दशकों से जलवायु में असंतुलन और बढ़ते तापमान की वजह से उपजी स्थितियों से जैसे हालात बन रहे हैं, उसमें मौसम के सामान्य रहने को लेकर एक आशंका बनी रहती है। दुनिया भर के जलवायु में हो रहे बदलाव का असर लगभग सभी मौसम में देखने को मिल रहा है, जिसमें ठंड, गर्मी या बरसात में एक विचित्र प्रकार की अनियमितता दिख रही है और इसकी मार समूचे जीव-जगत पर पड़ रही है। गौरतलब है कि आस्ट्रेलिया के मोनाश विश्वविद्यालय के नेतृत्व में किए गए एक अध्ययन में यह तथ्य सामने आया है कि लू से जुड़ी मौतें गर्मी से मरने वालों की कुल संख्या का लगभग एक तिहाई और विश्व भर में हुई कुल मौतों का एक फीसद है। पिछले तीस वर्षों के आंकड़ों के अध्ययन के नतीजों में बताया गया है कि हर वर्ष गर्मी में एक लाख तिरपन हजार अतिरिक्त लोगों की जान चली जाती है, जिसमें से करीब आधी मौतें एशिया में और तीस फीसद से ज्यादा यूरोप में होती हैं। अकेले भारत में हर वर्ष तीस हजार से ज्यादा लोग लू की वजह से जान गंवा बैठते हैं। दरअसल, गर्मी में लू तो बरसात में बिजली गिरने की वजह से अब जितने लोगों की जान जा रही है, उसमें साफ है कि मौसम के बदलते मिजाज और उसमें बचाव के इंतजामों को लेकर एक प्रकार की उदासीनता है। जबकि भीषण गर्मी के दौरान चेतावनी प्रणाली, शहरी नियोजन और हरित संरचना, सामाजिक सहायता कार्यक्रम, बिगड़े मौसम के अनुकूल स्वास्थ्य सेवाएं, जागरुकता के साथ सामुदायिक सहभागिता से जुड़े कार्यक्रमों के जरिए आम लोगों को बचाव को लेकर सजग किया जा सकता है। संसाधनों से लैस और वंचित समुदायों के बीच असमानताओं को कम करके दीर्घकालिक रणनीतियों को लागू करना भी एक जरुरी कदम होगा। अफसोस की बात है कि तापमान में अप्रत्याशित बदलाव की वजह से होने वाली मौतों को प्राकृतिक आपदा की श्रेणी में मान लिए जाने से बचाव के उपायों को लेकर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा पाता। जरुरत इस बात की है कि जिस रफ्तार से मौसम के मिजाज में बदलाव आ रहा है और वह मनुष्य सहित समूचे जीव-जगत और पर्यावरण के लिए घातक साबित हो रहा है, उसे देखते हुए व्यापक दृष्टिकोण के साथ एक समग्र रणनीति बनाई जाए।




शेखचिल्ली को एक बार किसी सेठ के घर नौकरी मिल गई। शेख उसके घर के सारे काम कर दिया करता था। सेठ को भी तसल्ली थी कि घर में कोई हाथ बंटाने वाला आ गया है। वो सोचते थे कि अब सारा काम आसानी से हो जाएगा और मुझे किसी चीज की फिक्र भी करनी नहीं पड़ेगी। शेख ने भी पूरे घर का काम अच्छे से संभाल लिया था। वो रोजाना पूरा घर अच्छे से साफ कर दिया करता था। बस एक आदत उसमें बुरी थी कि वो घर से निकलने वाला सारा कूड़ा खिड़की से बाहर फेंक देता था।

घर तो साफ हो जाता था, लेकिन खिड़की से गिरता कचड़ा किसी-न-किसी राहगीर के कपड़े जरूर खराब कर देता था। कुछ समय बाद आसपास के सब लोग शेख की इस हरकत से परेशान हो गए। सबने एक साथ सेठ से शेख की शिकायत करने का फैसला किया। फैसला लेते ही आस पड़ोस के सारे लोग सेठ के घर पहुंच गए। इतने सारे लोगों को एक साथ अपने घर में देखकर सेठ को कुछ समझ नहीं आया। उन्होंने पूछा, "आप लोग अचानक यहां? क्या हुआ कोई बात हो गई?"

जवाब में लोगों ने रोज खिड़की से गिरने वाले कूड़े की बात सेठ को बता दी।

सेठ ने यह सुनते ही शेख को आवाज लगाते हुए अपने पास बुलाया। शेख के आते ही सेठ ने उससे कहा कि ये सब तुम्हारी शिकायत कर रहे हैं कि तुम ऊपर से लोगों के ऊपर कचरा फेंक देते हो। ऐसा दोबारा मत करना।

शेख ने मासूमियत के साथ पूछा कि साहब! घर का कचरा बाहर नहीं, तो कहा फेकूंगा?

सेठ ने जवाब देते हुए कह दिया, "तुम भले लोगों को देखकर कूड़ा फेंका करो। ऐसे ही फेंक दोगे तो लोगों को परेशानी होगी।"

शेख ने सिर हिलाते हुए कहा, "ठीक है आप जैसा कहते हैं मैं आगे से वैसा ही करूंगा।"

सेठ बोले, "ठीक है जाओ और दूसरे काम निपटा लो।"

अगले दिन शेख घर की सफाई करने के बाद घंटों तक खिड़की पर कचरा लेकर खड़ा रहा। कुछ देर बाद उसने आराम-आराम से कचरा गिराना शुरू कर दिया। वहां से एक लड़का तैयार होकर जा रहा था। सारा कूड़ा उसपर गिर गया।

गुस्से में वो युवक सेठ जी, सेठी जी चिल्लाते हुए अंदर आ गया। सेठ ने पूछा, "क्या हुआ इतने गुस्से में क्यों हो ?"

"आपके घर का कचड़ा शेखचिल्ली ने मेरे ऊपर डाल दिया है। मैं तैयार होकर कहीं जरूरी काम से जा रहा था।" जवाब में उस लड़के ने कहा।

सेठ ने गुस्से में शेख को बुलाया और कहा कि तुझे मैंने कल ही समझाया था, लेकिन दोबारा तूने कूड़ा लोगों पर डाल दिया।

शेख ने जवाब में कहा, "साहब, आपने कहा था कि भले व्यक्ति को देखकर ही आराम से कूड़ा फेंकना। मैंने वैसा ही किया है। मैं खिड़की के पास कूड़ा लेकर काफी देर तक भले आदमी का इंतजार करता रहा। मुझे ये भले इंसान लगे, तो मैंने आराम-आराम से इन पर कूड़ा डाल दिया।"

शेखचिल्ली की नासमझी पर हंसते हुए वो लड़का सेठ के घर से चला गया और सेठ अपना सिर पकड़कर बैठ गए।

### कहानी से सीख

बोली गई बातों के सिर्फ शब्द नहीं पकड़ने चाहिए, बल्कि भाव को समझना चाहिए। तभी किसी बात को ठीक तरह से समझा जा सकता है, वरना गलती होना तय है।

## चित्र में रंग भरो



Haryana

# हरियाणाः धार्मिक स्थलों का दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की बस में लगी आग, 9 की मौत

**नूंह.** हरियाणा के नूंह में टूरिस्ट बस में लग लगने से बड़ा हादसा हो गया है. यह हादसा नूंह जिले के तावडू उपमंडल की सीमा से गुजर रहे कुंडली मानेसर पलवल एक्सप्रेसवे पर हुआ है. इस दौरान बस में करीब 60 लोग सवार थे, जिसमें से 9 लोगों की मौत हो चुकी है और 24 लोग घायल बताए जा रहे हैं. जानकारी के मुताबिक यह हादसा देर रात करीब 01:30 बजे हुआ. बता दें कि बस में सवार ज्यादातर लोग धार्मिक स्थलों के दर्शन करने निकले थे, जो बनारस और वृंदावन से दर्शन करके वापस आ रहे थे.

आग लगने की जानकारी मिलने के बाद फायर ब्रिगेड मौके पर आग बुझाने पहुंचा लेकिन उससे पहले ही



स्थानीय लोग आकर आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे थे. ग्रामीणों और दमकल कर्मियों ने बड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया. राजकीय शहीद हसन खान मेवाती मेडिकल कालेज नलहड़ में 9 लाशें आ चुकी हैं, जिसमें 6 महिला और 3 पुरुष हैं. हादसे के शिकार लोग पंजाब और चंडीगढ़ के रहने वाले बताए जा रहे हैं, जो मथुरा और वृंदावन दर्शन कर लौट रहे थे. जानकारी मिलने के बाद पुलिस कार्रवाई में जुट गई है. बस में सवार पीड़ित श्रद्धालु सरोज पुंज और पूनम ने बताया कि वो बीते शुक्रवार को एक टूरिस्ट बस किराए पर बनारस और मथुरा वृंदावन दर्शन के लिए निकले थे. बस में 60 लोग सवार थे, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे. यह सभी नजदीकी रिश्तेदार थे, जो पंजाब के लुधियाना होशियारपुर और चंडीगढ़ के रहने वाले थे.

New Delhi

## दिल्ली से यूपी-बिहार तक भीषण गर्मी की चेतावनी, कब होगी राहत वाली बारिश



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** उत्तर पश्चिम भारत के कई हिस्सों में शुक्रवार को प्रचंड गर्मी की लहर चली। राजस्थान में 19, हरियाणा में 18, दिल्ली में आठ और पंजाब में दो स्थानों पर पारा 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। अगले पांच दिनों के दौरान उत्तर पश्चिम मैदानी इलाकों में भीषण गर्मी की आशंका है। आईएमडी ने चेतावनी दी कि 18-21 मई के दौरान राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली के कुछ हिस्सों में गंभीर गर्मी की स्थिति होने की संभावना है। शनिवार से पूर्वी और मध्य भारत में गर्मी का ताजा दौर शुरू हो जाएगा। वहीं, हिमाचल की निचली और मध्य पहाड़ियों में तापमान बढ़ा है तथा प्रदेश के ऊना में अधिकतम पारा 43.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया जो प्रदेश का सबसे गर्म इलाका रहा।

मौसम कार्यालय ने पश्चिमी राजस्थान के लिए रेड अलर्ट जारी किया, जिसमें संवेदनशील लोगों के लिए अत्यधिक देखभाल की आवश्यकता पर बल दिया गया। इसके अलावा हरियाणा, पंजाब, पूर्वी राजस्थान, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार और गुजरात के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। शिशुओं, बुजुर्गों और पुरानी बीमारियों से ग्रस्त लोगों के लिए उच्च स्वास्थ्य चिंता पर जोर दिया। लंबे समय तक सूरज के संपर्क में रहने या भारी काम करने वाले लोगों में गर्मी से संबंधित बीमारियों की संभावना बढ़ने की चेतावनी दी गई है।

Keral

## पत्नी से की मारपीट, चार्जिंग केबल से घोंटा गला, फिर भाग गया जर्मनी...आरोपी के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस

**कोझिकोड, (एजेंसी)** केरल में एक व्यक्ति के खिलाफ शादी के कुछ ही दिनों बाद अपनी नवविवाहित पत्नी पर हमला करने और उसकी हत्या करने की कोशिश करने के आरोप में इंटरपोल ने ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया है. सूत्रों ने बताया कि वर्तमान में आरोपी जर्मनी में काम करता है और आशंका है कि आरोपी जर्मनी भाग गया हो. पुलिस ने इस बारे में शुक्रवार को यह जानकारी दी है. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी का पता लगाने के लिए ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया गया है. विदेश मंत्रालय के माध्यम से इंटरपोल को नोटिस जारी करने का आग्रह किया था. इससे पहले पुलिस ने राहुल के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया था. पुलिस ने बताया कि आरोपी राहुल के खिलाफ उसकी पत्नी की शिकायत के आधार पर एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई और दहेज को लेकर बहस के बाद राहुल ने उसकी हत्या करने की कोशिश की. ये घटना कथित तौर पर 5 मई को उनकी शादी के बमुश्किल एक हफ्ते बाद हुई है.

Uttarakhand

## प्रेमी के खर्चीले शौक पूरा करने को पोती की खूनी चाल, दादी का बेरहमी से करवाया मर्डर

**हरिद्वार, (एजेंसी) प्रेम के खर्चीले शौक पूरा करने के लिए पोती ने ऐसी खूनी चाल चली की हर कोई दंग रह गया। मर्डर का खुलासा होने पर पुलिस भी हैरान रह गई कि पोती ऐसे काम कर सकती है। पोती ने बहुत ही बेरहमी से अपनी दादी का मर्डर करवा दिया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह पूरा हैरान करने वाला मामला हरिद्वार जिले में सामने आया है।**

हरिद्वार के ज्वालापुर के चाकलान मोहल्ले में घर में घुसकर बुजुर्ग महिला अर्चना की हत्या की मुख्य साजिशकर्ता पोती और बीबीए के छात्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी ने गुरुवार को घटना का खुलासा कर बताया कि प्रेमी के शौक पूरे करने के लिए दादी की रकम चोरी नहीं कर पाने से बौखलाई पोती ने उसकी हत्या करवा दी।

एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने कोतवाली ज्वालापुर कैंपस में बुजुर्ग अर्चना शर्मा की हत्या का खुलासा किया। बताया कि मोहल्ला चाकलान निवासी 63 वर्षीय बुजुर्ग महिला अर्चना शर्मा पत्नी उमाकांत क्षोत्रिय की मंगलवार दोपहर घर में घुसकर हत्या कर दी गई थी। वारदात उस समय घटित हुई थी जब मृतका का बेटा अनुराग शर्मा अपने परिवार के साथ गंगा सप्तमी के अवसर पर पूजा-अर्चना के लिए हरकी पैड़ी पर गया था।

प्रथम दृष्ट्या महिला के सिर पर भारी भरकम वस्तु से वार कर हत्याकांड को अंजाम देने की बात सामने आई थी। बताया कि हत्याकांड के खुलासे के लिए दस पुलिस टीमें गठित की गई थीं। घटनास्थल के आस पास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर उदित झा पुत्र अमित झा निवासी न्यू धीरवाली को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।

खेल

# जीत के साथ खत्म हुआ लखनऊ का सफर

## रोहित-नमन की अर्धशतकों के बावजूद मुंबई को मिली सीजन की 10वीं हार

मुंबई। आईपीएल 2024 का 67वां मुकाबला मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जाएंट्स के बीच खेला गया। केएल राहुल की सेना ने 20 ओवर में छह विकेट खोकर 214 रन बनाए। जवाब में मुंबई 20 ओवर में छह विकेट गंवाकर 196 रन बनाए। लखनऊ ने मुंबई इंडियंस को 18 रन से हराया। दोनों टीमों का सफर इस टूर्नामेंट में समाप्त हो गया। मुंबई की टीम पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है। वहीं, लखनऊ के खाते में भले ही 14 अंक हो गए हैं लेकिन उनका नेट रनरेट -0.667 है। ऐसे में उनका प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई करना मुश्किल है। मुंबई इंडियंस आठ अंकों के साथ अंक तालिका में 10वें पायदान पर है। हार्दिक पांड्या की अगुवाई में यह सीजन मुंबई इंडियंस के लिए कुछ खास नहीं रहा। टीम को 14 में से 10 मैचों में शिकस्त मिली।

**मुंबई की पारी-** लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस



की दमदार शुरुआत हुई। सलामी बल्लेबाजी के लिए उतरे रोहित शर्मा और डेवाल्ड ब्रेविस के बीच पहले विकेट के लिए 88 रनों की साझेदारी हुई, जिसे नवीन-उल-हक ने तोड़ा। उन्होंने डेवाल्ड ब्रेविस को नौवें ओवर में आउट किया। वह 20 गेंदों में 23 रन बना सके। इसके बाद सूर्या बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। वहीं, रोहित शर्मा 68 रन बनाने में कामयाब हुए। उन्होंने 178.94 के स्ट्राइक रेट से 10 चौके और तीन छक्के लगाए।

इस मैच में हार्दिक पांड्या ने 16, नेहल वढेरा ने एक और ईशान किशन ने 14 रन बनाए। लखनऊ के खिलाफ नमन धीर ने विस्फोटक प्रदर्शन किया। उन्होंने 26 गेंदों में तूफानी अर्धशतक लगाया। इस मैच में वह 62 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने 221.42 के स्ट्राइक रेट से चार चौके और पांच छक्के लगाए। रोमारियो शेफर्ड एक रन बनाकर नाबाद रहे। लखनऊ के लिए रवि बिश्नोई और नवीन-उलहक ने दो-दो विकेट चटकाए। वहीं, क्रुणाल पांड्या और मोहसिन खान ने एक-एक विकेट हासिल किया।

**लखनऊ की पारी-** टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ सुपर जाएंट्स ने 20 ओवर में छह विकेट गंवाकर 214 रन बनाए। उनकी शुरुआत कुछ खास नहीं हुई। पहला झटका नुवान तुषारा ने एक रन के स्कोर पर दिया। देवदत्त पडिक्कल गोल्डन डक का शिकार हुए। इसके बाद मार्कस स्टोइनिस ने मोर्चा संभाला और केएल राहुल के साथ दूसरे विकेट के लिए 48 रनों की साझेदारी निभाई। हालांकि, पीयूष चावला ने स्टोइनिस को 49 रन के स्कोर पर आउट किया। वह 28 रन बनाकर लौटे। चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे दीपक हुड्डा सिर्फ 11 रन बना सके। इसके बाद निकोलस पूरन का तूफान आया। उन्होंने 29 गेंदों का सामना किया और 75 रन बनाए। इस मैच में पूरन ने महज 19 गेंदों में अर्धशतक लगाया। इस दौरान उनके बल्ले से पांच चौके और आठ छक्के निकले।

सिनेमा

## 'तारक मेहता...' के लापता सोढ़ी आखिरकार लौटे घर, बताया- कहां और कैसे गुजरे 25 दिन!



'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के सोढ़ी उर्फ गुरुचरण सिंह घर लौट आए हैं. 25 दिन से वो गायब थे. उनके पिता ने दिल्ली पुलिस में गुमशुदगी की एफआईआर दर्ज कराई थी. कई दिनों तक गायब रहने के बाद गुरुचरण खुद घर वापस लौटे हैं. वापस लौटने पर गुरुचरण से पुलिस ने पूछताछ की. इस दौरान एक्टर ने बताया कि वो धार्मिक यात्रा पर दुनियादारी छोड़कर घर से निकले थे. इस बीच वो कई दिनों तक अमृतसर, फिर लुधियाना और न जाने कितने शहरों में गुरुद्वारों में रुके. फिर उन्हें अहसास हुआ की घर वापस लौट जाना चाहिए. तो वो घर वापस लौटकर आए. बता दें कि 22 अप्रैल को गुरुचरण सिंह घर से मुंबई रवाना होने के लिए निकले थे. लेकिन उनके लापता होने की खबर 26 अप्रैल को सामने आई. पिता ने बेटे को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी. पुलिस ने किडनैपिंग समझकर केस दर्ज किया और जांच शुरू की. पुलिस के मुताबिक, गुरुचरण 24 अप्रैल तक दिल्ली में मौजूद थे. इसके बाद उनका मोबाइल बंद हुआ. ये भी मालूम पड़ा है कि जल्द उनकी शादी होने वाली थी. इस बीच वो आर्थिक तंगी से भी गुजर रहे थे. जांच में गुरुचरण को लेकर कई सुराग पुलिस के हाथ लगे. 22 अप्रैल को जब गुरुचरण घर से मुंबई के लिए रवाना हुए तो वो मुंबई पहुंचे ही नहीं. जो शख्स उन्हें मुंबई रिसीव करने आया था, उसे भी उन्होंने मिसलीड किया था.

## Highlights


1. **Man murders wife, takes selfie with dead body before dying by suicide in Ghaziabad**
2. **They are trying to tamper with CCTVs: Maliwal on being assaulted at Kejriwal's home**
3. **PoK was, is & will remain ours: Rajnath Singh**
4. **Don't do Modi-Modi, your vote made Ram Mandir after 500 yrs: PM**
5. **Hemant Soren's sister-in-law Sita expelled by JMM over joining BJP**
6. **Can't deny bail only because person is economic offence accused: HC**

# India's ceramic hub concerned about US manufacturers seeking anti-dumping duty

**Ahmedabad, (Agency)** Efforts by US tile manufacturers to seek 400-800% anti-dumping duty on Indian tiles and wall tiles could severely hurt the tile industry in Morbi, India's ceramic hub, industry leaders said on Friday.

India exported ceramic tiles worth Rs. 15,000 crore in 2023-24, with the US market accounting for a substantial Rs. 1,600 crore of these exports, according to an official at the Morbi Ceramic Association. The ceramic industry, with an annual turnover of Rs. 60,000 crore, employs over 5 lakh people directly and indirectly, ranking second globally in both tile production and consumption.

If implemented, the proposed US anti-dumping duty would affect the competitiveness of Indian tiles from the US, Indian ceramic manufacturers said.




The Coalition for Fair Trade in Ceramic Tile, which represents more than 90% of US tile production, asked the federal government on April 10 to impose significant tariffs on ceramic tile imports from India to address what it described as unfairly low-priced imports that hurt domestic manufacturers. The anti-dumping petition from the industry proposes tariffs ranging from 408% to 828%.

Haresh Bopaliya, president of the Morbi Ceramic Tiles Association, said: "It would set a wrong precedent. We have presented our side to the US government through their online portal. The US-based ceramic tile manufacturers have submitted a memorandum for imposing an anti-dumping duty of up to 800% on Indian ceramic tiles. They complain about the lower prices of imported tiles. We can afford anti-dumping duty up to 10%".

Bopaliya added that the situation has been further compounded by recent challenges faced by the industry which have led to a decline in production by 10-15% over the last few months.

# Indian blue-chips post best week in over 3 months led by metals

**BENGALURU, (Agency).** India's blue-chip stock indexes logged their best week since early February on Friday, led by metal stocks, while sustained domestic buying cushioned persistent foreign outflows.


Both the NSE Nifty 50 and S&P BSE Sensex gained about 2% this week, their best since the week ended Feb. 2.

Twelve of the 13 major sectors logged weekly gains, rising between 0.5% and 6.6%.

Metals surged 6.6%, helped by a



cooling U.S. inflation which led to a moderation in U.S. dollar, and top consumer China's steps to allow local governments buy some apartments and relax mortgage rules. Automaker Mahindra & Mahindra surged 14.66%, its best week in 39 months, buoyed by March-quarter profit beat and positive commentary by brokerages on its earnings outlook. The broader Nifty Auto index rose about 2%. U.S. interest rate-sensitive information technology stocks gained 1.4%, boosted by softer-than-expected U.S. inflation data, which revived hopes of early rate cuts. "Overall, the market is showing positive momentum with bulls returning, despite profit booking by some foreign investors," said Vikram Kasat, head of advisory at Prabhudas Lilladher.




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक